Reg. No. : ....

Name : ....

K15U 0506

I Semester B.Com./B.B.A./B.B.A.T.T.M./B.B.A.R.T.M./B.T.T.M./B.B.M. Degree (CCSS – Reg./Supple./Improv.) Examination, November 2015
(2014 Admn. Onwards)
COMMON COURSE IN HINDI
1A07 1 HIN : Srujanathmak Sahitya

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का विस्तृत उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

1) 'ठाकुर का कुआँ ' में भारतीय समाज के अन्तर्गत फैली जातिगत भेदभाव की प्रवृत्ति का अकन है। स्पष्ट कीजिए।

2) 'आतिथ्य' काहनी का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

II. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का विस्तृत उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

3) बादल को घिरते देखा है – कविता में नागार्जुन ने प्रकृति वर्णन का अनूठा दृश्य उपस्थित किया है। अपना मत प्रकट कीजिए।

4) सर्वेश्वर दयाल सक्सेनाजी का आशावादी स्वर 'अब नदियाँ नहीं सुखेंगी' में मुखरित हुआ है। स्पष्ट कीजिए।

III. कम से कम **125** शब्दों में किसी **एक** पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । **(1×3=3)**

5) चकवी बिछुरी रैणि की, आइ मिली परभाति
जे जन बिछुरे राम सूँ, ते दिन मिले न राति।

6) मुख दधि दोछि, वुद्धि इक कीन्ही दोना वीठी दुरायौ
डारि साँटी, मुसुकाइ जसोदा, स्यामहि कंठ लगायौ ।।

IV. कम से कम **125** शब्दों में किन्हीं **तीन** पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । **(3×3=9)**

7) यह वह विश्वास नहीं, जो अपनी लघुता में भी काँपा
वो पीडा, जिसकी गहराई को स्वयं उसी ने नापा,
कुत्सा, अपमान, अवज्ञा के धुँधुआते कड़ुवेतम में
वह सदा द्रवित, चिर जागरूक, अनुरक्त नेत्र
उल्लम्ब बाहु, वह चिर अखंड अपनापा।

P.T.O.

8) काफी दूविधा के बाद
मुझे यह सचाई सकारनी पडी है
यद्यपि यह सही है कि सूरज
तुम्हारी जेब - घडी है।

9) अलख नाभि से उठनेवाले
निज के ही उन्मादक परिमल
के पीछे धावित हो-होकर
तरल तरूण कस्तूरी मृग को
अपने पर चिढते देखा है।

10) कविता को
बिखराकर देखने से
सिवा रेशों के क्या दिखता है
लिखनेवाला तो
हर बिखरे अनुभव के रेशे को
समेटकर लिखता है।

11) योगिराज जल्द ही
विश्व पर्यटन करके लौटे वैकुंठ को।
तेल एक बूँद भी उस पात्र से गिरा नहीं
उल्लास मन में भरा था यह सोचकर
तेल का रहस्य एक अवगत होगा नया।

V. किन्हीं **तीन** पर कम से कम **125** शब्दों में टिप्पणी कीजिए। **(3×3=9)**

12) सूरदास के बाल-लीला वर्णन पर लिखिए।

13) प्रियतम कविता के द्वारा कवि क्या संदेश देना चाहता है ?

14) 'अब नदियाँ नहीं सूखेंगी' में कवि का समाज के प्रति जो दृष्टिकोण है, वह व्यक्त कीजिए।

15) 'प्रौढ शिक्षा' के द्वारो धूमिल क्या-क्या कहना चाहता है ?

16) नागार्जुन ने हिमालय का वर्णन अपनी कविता में कैसे किया है ?

VI. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(5×1=5)**

17) 'एक गौ' में किस समस्या का वर्णन है ?

18) आतिथ्य यथार्थवादी कहानी है। क्यों ?

19) 'अकेली' नाम की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

20) कबीर ने गुरु महिमा का वर्णन कैसे किया है ?

21) 'आओ हम पथ से हट जाएँ' में बच्चन ने किसके परिवर्तन की माँग की है ?

22) 'बुनी हुई रस्सी' में कवि का कौन-सा विचार अभिव्यक्त है ?

23) मधु , गोरस, अंकुर आदि में क्या प्रकट होती है।